7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़
अमर उजाला
बरेली
बुधवार, 8 फरवरी 2017
amarujala.com

दीक्षांत समारोह में 815 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां

एसआरएमएस में आज मनाया जाएगा 16वां दीक्षांत समारोह

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट महाविद्यालय का 16वां दीक्षांत समारोह बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न कोर्स के 815 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी। अपनी-अपनी ब्रांच में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को पदक, प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

संस्थान के प्रशासक सुभाष मेहरा ने बताया कि समारोह के सफल आयोजन के लिए दस कमेटियां बनाई गई हैं। कॉलेज के पूर्व छात्रों को भी समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। दीक्षांत समारोह में श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी बरेली के बीटेक कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूनिकेशन, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, मेकेनिकल इंजीनियरिंग, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए, एमटेक, एमफार्मा और श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च के बीटेक व एमबीए के अलावा श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी उन्नाव के बीटेक छात्र इसमें शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक शामिल होंगे।